उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मिला सम्मान

■ आकांक्षा हाट का भी हुआ शुभारंभ, राजीविका एसएचजी के उत्पादों को खरीदने के लिए उमडे आमजन

राजसमंद, । संपूर्णता अभियान का जिला स्तरीय सम्मान समारोह शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में भीम विधायक हरिसिंह रावत, विधायक दीप्ति माहेश्वरी, जिला प्रमुख रतनी देवी जाट, उप जिला प्रमुख सोहनीदेवी गुर्जर, प्रधान अरविंदसिंह राठौड, भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल, समाजसेवी माधव जाट सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं अधिकारियों में कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा, पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, एडीएम नरेश बुनकर, सीईओ बृजमोहन बैरवा, एसीईओ डॉ सुमन अजमेरा, सीपीओ संजय शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। भीम विधायक रावत ने कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि भारत वर्ष 2०47 तक विकसित राष्ट्र बने। यह तभी संभव होगा जब समस्त योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो और अंतिम व्यक्ति तक इनका लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि योजनाओं को सफल बनाने की जिम्मेदारी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों दोनों की है और सभी को अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए लक्ष्य प्राप्ति में योगदान देना चाहिए। उन्होंने भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और आशा जताई कि राजसमंद जिला प्रत्येक मापदंड पर अग्रणी स्थान पर रहेगा। कलक्टर हसीजा ने संपूर्णता अभियान एवं आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा जिले के भीम ब्लॉक को आशान्वित ब्लॉक के रूप में चयनित किया गया था, जिसके अंतर्गत प्रत्येक पैरामीटर पर अधिकतम कार्य करने का प्रयास किया गया। उन्होंने बताया कि महिला एवं बाल विकास के अंतर्गत शत-प्रतिशत पोषाहार वितरण, राजीविका स्वयं सहायता समूहों को शत-प्रतिशत रिवॉल्विंग फंड उपलब्ध कराना और कृषि क्षेत्र में शत-प्रतिशत कृषकों को मृदा परीक्षण से लाभान्वित करने जैसे कार्य पूर्ण किए गए हैं। इस प्रकार भीम ब्लॉक तीन प्रमुख मापदंडों पर शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त कर चुका है। हसीजा ने विश्वास व्यक्त किया कि शेष तीन मापदंडों पर भी शीघ्र ही जिला शत-प्रतिशत प्रगति अर्जित करेगा। उन्होंने कहा कि राजसमंद जिले में जनप्रतिनिधियों का योजनाओं एवं कार्यक्रमों में सतत सहयोग मिलता है, जो यह दर्शाता है कि जिले के जनप्रतिनिधि राजकीय योजनाओं को लेकर सजग, सक्रिय एवं गंभीर हैं। संचालन नारायण सिंह राव और प्रियंका बारहठ ने किया।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित

सीपीओ संजय शर्मा ने बताया कि संपूर्णता अभियान के अंतर्गत आयोजित सम्मान समारोह में विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट कार्य निष्पादन करने वाले अधिकारियों व कार्मिकों को सम्मानित किया गया। राजीविका जिला परियोजना प्रबंधक डॉ सुमन अजमेरा, ब्लॉक परियोजना प्रबंधक देवकरण गुर्जर, क्लस्टर प्रबंधक भगवती देवी और तारा देवी, डाटा एंट्री सखी सुमन चौहान, क्लस्टर कोऑर्डिनेटर उमा कंवर और लीला चौहान को सम्मानित किया गया। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग से भीम विकास अधिकारी कृष्ण मुरारी छालिया को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मान मिला। लीड बैंक प्रबंधक प्रेम शंकर जीनगर को भी उनके सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। कृषि विभाग संयुक्त निदेशक भूपेन्द्र सिंह राठौड, सहायक कृषि अधिकारी कमलेश यादव, वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक इरफान मोहम्मद, तुलवीर सिंह, सोहनलाल ओला, जसवीर दायमा और बलवीर सिंह सभी कृषि पर्यवेक्षक को सम्मान प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग उप निदेशक दीपेन्द्र सिंह शेखावत, सीडीपीओ संजय सिंह पंवार, आंगनवाडी कार्यकर्ता लाभवंती कुमारी, आशा देवी, तारा देवी, पुष्पालता देवी तथा पिंकी मेवाडा को सराहनीय सेवाओं के लिए नवाजा गया। आयोजना विभाग सहायक सांख्यिकी अधिकारी माया मीणा, संगणक अमित कुमार और एबीपी फेलो दीपक शर्मा को अभियान में योगदान के लिए सम्मान मिला।

आकांक्षा हाट का किया लोकार्पण

संपूर्णता अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम के पश्चात अतिथियों द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर 1०० फीट रोड पर आकांक्षा हाट का फीता काटकर शुभारंभ किया।

एक शाम स्वच्छता के नाम संगीत संध्या का आयोजन

डूंगरपुर। प्रदेश स्तर पर नगरपरिषद डूंगरपुर के स्वच्छता सर्वेक्षण में सुपर सिटी लिग में प्रथम पायदान पर प्राप्त करने महामहिम राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित होने पर भाविप तिलक शाखा द्वारा राजमाता सिंधिया ऑडिटोरियम में एक भव्य संगीत संध्या एक शाम स्वच्छता के नाम आयोजित की हैं, जिसके सह प्रायोजक डी जे म्यूजिकल इवेंट,चिराग फोटोकॉपी, रिया फोटोकॉपी और सिद्धिविनायक एजुकेशन है। भव्य आयोजन तिलक शाखा द्वारा राष्ट्रपति पुरस्कृत नगरपरिषद के सभापति अमृतलाल कलासुआ एवं नगरपरिषद की टीम का बहुमान किया जाएगा।

एक शाम संगीता संध्या में डी जे म्यूजिकल इवेंट के फनकार अपनी सुंदर प्रस्तुतिया देंगे। धर्मेश व्यास द्वारा स्वरचित स्वच्छता पर गीत भी प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक में शाखा अध्यक्ष मुकेश श्रीमाल, सचिव चिराग व्यास, गिरीश जोशी एवं जयराज दोशी उपस्थित हुए।

श्री गल्ला किराणा व्यापारी एसोसिएशन की कार्यकारिणी का विस्तार : डूंगरपुर। श्री गल्ला किराणा व्यापारी एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष इन्दरलाल पाटन शाह ने संगठन के वरिष्ठों की अनुशंषा पर संगठन की कार्यकारिणी का विस्तार किया है। कार्यकारिणी में मार्गदर्शक रमणलाल रुपावत, सुरजमलजी सवोत, किशनलाल चन्दानी, डूंगरलाल पटेल, लक्ष्मीलाल जैन हंसमुखलाल शाह, गोवर्धनलाल तेजवानी, राजेन्द्र जैन, केसरीमलजी जैन नवाडेरा, अरविन्द मेहता, उपाध्यक्ष कमलेश दावडा, सुनिल अग्रवाल, आदि मौजूद रहे।

सार्वजनिक सूचना
CRSP Capital Pvt. Ltd.

सभी सम्मानित ग्राहकों, हितधारकों और स्थानीय निवासियों को सूचित किया जाता है कि हमारी शाखा आबू रोड, बालेसर, गंगापुर और जोधपुर को दिनांक 1 नवम्बर 2025 से ब्रांच ऑपरेशन का कार्य बंद किया जा रहा है। हम इस परिवर्तन के माध्यम से अपनी सेवाओं को और अधिक सुलभ, सुगम और आधुनिक बनाना चाहते हैं ताकि आपको अधिकतम सुविधाएं प्रदान की जा सकें।

शाखा का पता: **आबू रोड**-दुकान संख्या 207, प्रथम तल, ओपेरासिटी मॉल, आबू रोड, 307026 **बालेसर**-ईडा मार्केट, पुराना स्टेशन रोड, बालेसर 342023 **गंगापुर**-दुकान संख्या: 4, नेहरू नगर, रायपुर रोड, गंगापुर, भीलवाड़ा 311801 **जोधपुर**-प्रथम तल, बालाजी पेंट्स के ऊपर, खसरा नंबर 161, बायसा की बोराड़ी, माता का थान रोड, मगरा पूंजला, जोधपुर 342304

हम आपको आश्वस्त करते हैं कि आपको हमारी सेवाएं अन्य शाखाओं के माध्यम से सामान्य रूप से उपलब्ध रहेंगी। किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।

समर्क के लिए:
दफ्तर हेल्पलाइन नंबर-0294-2580000 ईमेल crspcapital@gmail.com
मुख्यालय का पता: 12 सी, चौथी मंजिल, पैसिफिक अमन बिल्डिंग, मधुबन, उदयपुर, राजस्थान-313001
धन्यवाद
CRSP Capital Pvt. Ltd.

पेसिफिक के एम.बी.ए. इन्डक्शन कार्यक्रम में श्रद्धा गट्टानी ने कामयाब होने के गुर सिखाए

■ कार्यक्रम का उद्देश्य नये छात्रों को नये वातावरण में समायोजित करने और सहज महसूस करने में मदद करना, संस्थान के लोकाचार और संस्कृति को विकसित करना है

डीन पेसिफिक विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ मैनेजमेन्ट में नवआंगतुक छात्रों के सर्वांगिक विकास के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आगाज किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नये छात्रों को नये वातावरण में समायोजित करने और सहज महसूस करने में मदद करना, संस्थान के लोकाचार और संस्कृति को विकसित करना, विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय बनाना एवं विश्वस्तरीय स्तर पर तैयार करना है। इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की मुख्य अतिथि श्रीमति श्रद्धा गट्टानी एम.डी., ओरियन्टल रिसोर्ट ने व्यवसाय अध्ययन की महत्ता को इंगित किया एवं अच्छे व्यवसायी या मैनेजर बनने की रूपरेखा बताई। उन्होंने कामयाब होने के लिए आत्म अनुशासन, टाईम मैनेजमेन्ट, क्राइसिस मैनेजमेन्ट आदि विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए एवं विद्यार्थियों को व्यवसाय प्रबंधन का व्यावहारिक ज्ञान देकर प्रोत्साहित किया। प्रमुख व्याख्याताओं द्वारा नवीनतम अध्ययन सम्बन्धी विषयों से छात्रों को अवगत कराया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत में फैकल्टी ऑफ मैनेजमेन्ट के डीन प्रो. दिपिन माथुर ने छात्रों को संबोधित करते हुए भावी मैनेजर्स को अपनी जिन्दगी की कहानी को बेहतर बनाने के लिए जीवन उद्देश्यों एवं वक्त की कीमत को पहचानने पर भी प्रकाश डाला। विद्यार्थियों को आत्म विश्लेषण करके नये कौशल विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया व एम.बी.ए. जैसे पेशेवर पाठ्यक्रम के लिए तैयार होने के लिए प्रेरित किया, जिससे उन्हें अपने मनचाहा रोजगार पाने में सफलता मिले। विद्यार्थियों को अपनी शक्तियों और कमजोरियों को पहचानने में ध्यान केन्द्रित कर अपने व्यक्तित्व को कैसे निखारा जा सके, एवं छात्रों को प्रबन्धन के गुर के बारे में जानकारी दी और बताया कि एमबीए अन्य पारम्परिक पाठ्यक्रमों से कैसे बेहतर है। एमबीए के शिक्षण शिक्षा शास्त्र में केस स्टडी, रोल प्ले, आर्थिक कहानी पर चर्चा आदि शामिल है, जो छात्रों को व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करने में मदद करता है। ये इंडक्शन प्रोग्राम 7 दिनों तक चलेगा जिसमें प्रबंधन के विभिन्न आयामों पर सत्र आयोजित किये गये है, जिसमें प्रमुख है, टीम-बिल्डिंग, नैतृत्व-कौशल, रोजगार-कौशल, कैंपस से कॉर्पोरेट तक, प्रबन्धन प्रश्नोत्तरी, कॉर्पोरेट इंटरेक्शन, एल्युमिनी टॉक, मेंटर-मेंटी कार्यक्रम, प्रबन्धन खेल, इंडस्ट्री विजिट आदि विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास के लिये आयोजित किये जायेंगे।

सत्रों के प्रख्यात वक्ता, विभिन्न क्षेत्रों की विशेषता एवं प्रेरक प्रशिक्षक हैं, जो शिक्षा या कॉर्पोरेट क्षेत्र में उच्चतम स्तर पर कार्यरत है। डा. पल्लवी मेहता एवं डा. जया शर्मा इंडक्शन प्रोग्राम के संचालक ने विद्यार्थियों को नये वातावरण से परिचित कराया एवं प्रबन्धन संकाय परिवार से जुड़ने के लिये स्वागत किया। उद्घाटन सत्र में प्रबंधन संकाय के विभिन्न विभागों के फैकल्टी डा. पुष्पकांत शाकद्वीपी, डा. नरेन्द्र चावड़ा, डा. आशिष अद्योलिया, डा. खुश्बु अग्रवाल, डा. अली यावर रेहा, डा. गौरव कुमार जोशी, आयुषी माली इत्यादि उपस्थित थे।

सीडीईओ ने सुरक्षा में लापरवाही पर जताई नाराजगी

राजसमंद, । मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम लाल गौड ने शुक्रवार को जिले की चार स्कूलों का औचक निरीक्षण किया, उन्होने स्कूलों में सुरक्षा व्यवस्था पर नारजगी जताई, साथ ही स्कूल देरी से आने वाले शिक्षकों के खिलाफ कडी कार्रवाई करने के निर्देश दिए राउमावि पीपरडा और राबाउमावि पीपरडा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिक्षकों के समय पर नहीं पहुंचने सहित कई गंभीर लापरवाहियाँ सामने आईं, जिस पर उन्होंने सख्त नाराजगी व्यक्त की। राउमावि पीपरडा में सीडीईओ गौड ने स्वयं ताले खुलवाए और पीटीआई दिनेश पूर्बिया, शिक्षिका शिल्पा बरड के सहयोग से विद्यार्थियों को कतार में खडा कर प्रार्थना सत्र आयोजित करवाया। उन्होंने प्रार्थना के बाद सभी विद्यार्थियों को अनुशासन और समय पालन की सीख दी। निर्धारित समय के बाद आए विद्यार्थियों को समय पाबंदी के लिए शपथ दिलवाई। प्रार्थना से पूर्व एक कक्ष में मौजूद अध्यापिका शिल्पा और छात्र गिरिराज पालीवाल से भवन सुरक्षा के सम्बन्ध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान निर्धारित समय के बाद आने पर प्रधानाचार्य कीर्ति कुमारी, प्राध्यापक भंवरी, संतोष शेरावत, किरण चौधरी, वरिष्ठ अध्यापक विद्या पालीवाल, मधु सोलंकी, कृष्ण गोपाल, लता, प्रतिभा पालीवाल और सीमा कंवर के विरुद्ध चार्जशीट जारी करने के लिए सीबीईओ राजसमंद को दूरभाष पर निर्देश दिए। यहां पर आयोजित शिक्षकों की बैठक में गौड ने सख्त लहजे में कहा कि आपकी यह लेटलतीफी बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा दोनों के साथ खिलवाड है। विभाग की छवि धूमिल हो रही है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सुरक्षा लापरवाही पर नाराजगी

गौड ने राउमावि पीपरडा में भूमिदोज किए जाने वाले खतरनाक भवन के प्रति विद्यालय प्रशासन की लापरवाही पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि ऐसे भवनों में विद्यार्थियों के प्रवेश पर रोक लगाने के लिए न तो कोई चेतावनी नोटिस चिपकाया गया और न ही प्रवेश अवरोधक व्यवस्था की गई थी। यह सीधे तौर पर विद्यार्थियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड है। उन्होंने तत्काल भवन पर असुरक्षित का स्पष्ट नोटिस लगाने और उचित बैरिकेडिंग करने के निर्देश दिए।

विद्यालय परिसर में गंदगी और कबाड की स्थिति को लेकर भी सीडीईओ ने नाराजगी जताई। उन्होंने बताया कि कुछ कमरों में कबाड जमा था, जहां जहरीले जंतु की मौजूदगी भी हो सकती है। इससे बच्चों की सुरक्षा खतरे में है। उन्होंने कहा जब विभाग बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिन-रात जुटा है, तब यहां के शिक्षकों की यह लापरवाही बेहद चिंताजनक है। निरीक्षण के दौरान राजू कालबेलिया नामक छात्र और उसके माता-पिता से बातचीत करते हुए गौड ने शिक्षकों से कहा कि जब दूर-दराज से अभिभावक बच्चों का दाखिला करवाने आते हैं और इस तरह का माहौल पाते हैं, तो यह विद्यालय की प्रतिष्ठा पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। उन्होंने सभी को अपनी भूमिका और प्रतिष्ठा के प्रति सजग रहने का आग्रह किया।

कार्यालय ग्राम पंचायत टेकण, पंचायत समिति लसाड़िया जिला सलुम्बर (राज.)

क्रमांक:-327 दिनांक-24/7/2025

-:ई निविदा सूचना -01/2025-26:-

ग्राम पंचायत टेकण में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 04.08.2025 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी **sppp.rajasthan.gov.in** व **eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है।

UBN N0 1. ZUD2526GLRCO1392

प्रशासक ग्राम पंचायत टेकण पं.स.लसाड़िया जिला-सलुम्बर (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत टेकण पं.स.लसाड़िया जिला-सलुम्बर (राज.)

कार्यालय ग्राम पंचायत शोभ जी का गुडा, पंचायत समिति लसाड़िया जिला सलुम्बर (राज.)

क्रमांक:-GPSKG/25-26/33 दिनांक-22/7/2025

-:ई निविदा सूचना -01/2025-26:-

ग्राम पंचायत शोभ जी का गुडा में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 04.08.2025 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी **sppp.rajasthan.gov.in** व **eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है।

UBN N0 1. ZUD2526GLRCO1390

प्रशासक ग्राम पंचायत शोभ जी का गुडा, पं.स.लसाड़िया जिला-सलुम्बर (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत शोभ जी का गुडा, पं.स.लसाड़िया जिला-सलुम्बर (राज.)

पंकज कुमार चौबीसा को कार्यवाहक नर्सिंग अधीक्षक नियुक्त किया

चौबीसा बने जिला चिकित्सालय भीण्डर के नर्सिंग अधीक्षक-स्थानीय गुलाब सिंह शक्तावत राजकीय जिला चिकित्सालय के सीनियर नर्सिंग ऑफीसर पंकज कुमार चौबीसा को कार्यवाहक नर्सिंग अधीक्षक नियुक्त किया गया है,ये उपलब्धि पाने वाले चौबीसा राजस्थान के सबसे युवा नर्सिंग अधीक्षक होंगे साथ ही उदयपुर के ग्रामीण क्षेत्र की एकमात्र नियुक्ति होने से ठामीण स्वास्थ्य सेवाओं की योजक कड़ी साबित होंगे, चौबीसा पूर्व में कई बार कई पुरुस्कारों से सम्मानित हो चुके है जिसमे प्रमुख नर्सेज दिवस 12 मई 2017 को जिला स्तरीय पुरुस्कार,2018 में विशिष्ठ नर्सेज सेवा सम्मान ,जून 2022 में भीण्डर मित्र मंडल द्वारा उदयपुर में उत्कृष्ट सेवा सम्मान साथ ही इसी वर्ष मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला अध्यक्ष के हाथों नर्सेज रत्न 2025 से सम्मानित हो चुके है।

रिकॉर्ड उत्पादन और कम लागत के दम पर वेदांता का मुनाफा13प्रतिशत बढ़कर5,000करोड हुआ

■ अब तक का सर्वाधिक पहली तिमाही एबिटडा,जो 10,746करोड़ रहा, 7प्रति शेयर का अंतरिम लाभांश

उदयपुर । वेदांता लिमिटेड ने30जून2025को समाप्त पहली तिमाही के लिए अपने अनऑडिटेड कंसोलिडेटेड रिजल्ट्स की घोषणा की। वेदांता ने मजबूत वित्तीय प्रदर्शन किया,जहां शुद्ध लाभ' साल-दर-साल13प्रतिशत बढकर5,000करोड़ रहा। कंपनी ने 10,746करोड़ का अब तक का सर्वोच्च पहली तिमाही का एबिट्डा दर्ज किया,जो वार्षिक आधार पर5प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है । वेदांता का एबिट्डामार्जिन"81बीपीएस बढ़कर सालाना आधार पर35प्रतिशत हो गया,जो पिछली13तिमाहियों में सबसे अधिक है। पहली तिमाही के लिए कंपनी का कंसोलिडेटेड रेवेन्यूसालाना आधार पर6प्रतिशत बढ़कर 37,434करोड़ रहा।

वेदांता की लिक्विडिटी तिमाही-दर-तिमाही7प्रतिशत और साल-दर-साल33प्रतिशत बेहतर हुई,कैश और कैश इक्विवेलेंट22,137करोड़ पर पहुंच गया। कंपनी का रिटर्न ऑन कैपिटल एम्प्लॉयड आधार पर87बीपीएस बढ़कर25प्रतिशत हो गया। वेदांता की क्रेडिट रेटिंग को क्रिसील और आईसीआरए दोनों ने एए स्तर पर पुनः पुष्टि की है।

कंपनी ने587किलोटन पर रिकॉर्ड तिमाही एल्यूमिना उत्पादन दर्ज किया,जो9प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। पिछले16तिमाहियों में सबसे कम हॉट मेटल लागत (एल्यूमिना को छोड़कर)888डॉलर प्रति टन रही। कुल एल्यूमिना उत्पादन लागत तिमाही दर तिमाही12प्रतिशत कम रही। भारत में वेदांता के जिंक परिचालन ने पहली तिमाही में अब तक का सर्वाधिक खनन धातु उत्पादन265किलोटन और पहली तिमाही में अब तक का सबसे कम जिंक उत्पादन लागत डॉलर1,010प्रतिटन हासिल किया। कंपनी के अंतरराष्ट्रीय जिंक परिचालन में खनन धातु उत्पादन में50प्रतिशत सालाना वृद्धि देखी गई। कंपनी ने950मेगावाट की मर्चेंट पावर क्षमता शुरू की,जिसमें एथेना पावर प्लांट (यूनिट1 - 600मेगावाट) जुलाई2025में शुरू हुआ और मीनाक्षी पावर प्लांट यूनिट3 (350मेगावाट) को जुलाई2025में सीओडी प्राप्त हुआ।

नतीजों पर वेदांता के चेयरमैन अनिल अठावाल ने कहा कि,हमारी पहली तिमाही के प्रदर्शन ने आने वाले वर्ष के लिए एक मजबूत नींव रखी है। वैश्विक बाजार की अस्थिरता के बीच,हमने अब तक का सबसे उच्चतम पहली तिमाही एबिट्डा दर्ज किया। संचालन के लिहाज से,हमने पिछले16तिमाहियों में सबसे कम हॉट मेटल लागत (एल्युमिना को छोड़कर) हासिल की,अब तक कीसबसे कम पहली तिमाही जिंक इंडिया कोस्ट ऑफ प्रोडक्शन हासिल की,गम्सबर्ग में74प्रतिशत साल-दर-साल उत्पादन वृद्धि,पावर सेल्स में33प्रतिशत तिमाही-दर-तिमाही उछाल,और फेरो क्रोम वॉल्यूम में150प्रतिशत वृद्धि हासिल की। लांजीगढ़ रिफाइनरी का587किलोटन तक रैम्प-अप होना इस ओर संकेत करता है कि हम वित्त वर्ष26में3मिलियन टन से अधिक एल्युमिना उत्पादन के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। आगे देखते हुए,दूसरी तिमाही में लांजीगढ़ में ट्रेन-2का कमीशनिंग,बालको में435केटी स्मेल्टर क्षमता और1,300मेगावाट की नई थर्मल पावर क्षमता का परिचालन शुरू होना,हमें पूरे वित्त वर्ष की गाईडंस को हासिल करने में सक्षम बनाएगा। एच2में हमारे सिजीमाली बॉक्साइट खदान और कुरालोई कोल माइन का संचालन शुरू होने से हमारे प्रदर्शन में रिकॉर्ड स्तर की वृद्धि की उम्मीद है।

वेदांता के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर अजय गोयल ने कहा,इस तिमाही में हमने10,746करोड़ का अब तक का सबसे उच्चतम पहला तिमाही एबिट्डा हासिल किया,जो5प्रतिशत साल-दर-साल वृद्धि को दर्शाता है। एबिट्डा मार्जिन81बीपीएस बढ़कर35प्रतिशत हो गया। ,जो पिछले13तिमाहियों में सबसे अधिक है। हमारा समायोजित शुद्ध लाभ_5,000करोड़ तक पहुंचा।

कार्यालय ग्राम पंचायत धावड़ी, पंचायत समिति लसाड़िया जिला सलुम्बर (राज.)

क्रमांक:-76 दिनांक-24/7/2025

-:ई निविदा सूचना -01/2025-26:-

ग्राम पंचायत धावड़ी में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 04.08.2025 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी **sppp.rajasthan.gov.in** व **eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है।

UBN N0 1. ZUD2526GLRCO1391

प्रशासक ग्राम पंचायत धावड़ी पं.स.लसाड़िया जिला-सलुम्बर (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत धावड़ी पं.स.लसाड़िया जिला-सलुम्बर (राज.)

आम सूचना

स्टेट लेवल एन्वायरमेन्ट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी जयपुर के पत्र क्र. SIA/RJ/MIN/508566/2024 Dated 4-3-2025 File no. RJ/24/SEAC-4 (D6)/MIN/R.EC/1855 के द्वारा Manibhadra Mines & Minerals नि. आमेट जिला राजसमन्द ML No. 294/2005, EC Id No. EC24C0108RJ5273510N वास्ते खनिज Quartz & Feldspar, क्षेत्रफल 4.8447 हेक्टर निकट ग्राम Guman ji ka gurha त. आमेट जिला उदयपुर Production Capicity 53905 TPA ROM के पक्ष में पर्यावरण क्लीरेंस जारी की गई। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA जयपुर एवं राज. राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल जयपुर के कार्यालय में जनसाधारण के लिए उपलब्ध है एवं मण्डल की वेबसाइट www.rpcb.nic.in पर देखी जा सकती है। -Mukhtyar Ali Quazi (Manibhadra Mines & Minerals)

अणुव्रत की धरा से सपनों की उडान भरता है बालोदय शिविर

राजसमंद, । अणुव्रत विश्व भारती राजसमंद की शैक्षिक योजना बालोदय शिविर में कुडोस किड्ज स्कूल भीलवाडा के 43 बच्चे तीन दिनों में बालोदय दीर्घाओं द्वारा संस्कार विकास की प्रेरणा तो ले ही रहे है, साथ ही अनेक मनोरंजक व कला क्रियाओं से खेल खेल में बहुत कुछ नया सीखा भी रहे है। बालोदय राष्ट्रीय संयोजिका डा सीमा कावडिया ने बताया कि शिविर में बच्चों को खुलकर हंसने बोलने मित्र बनाने और समूह में रह सामाजिकता की सीख लेने के छोटे-छोटे लक्ष्यों पर काम करने और व्यक्तित्व विकास के अवसर देने प्रेरणा ले रहे है। इस बार बच्चों को 'करामाती कोट' फिल्म ने बहुत उत्साहित किया। फिल्म, संगीत, रेखांकन और नंदन वन के भ्रमण ने उन्हें मानों सीखने सिखाने के एक डिफरेंट स्कूल को अपने आस पास महसूस किया।

सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. के 84वें तीन रोजा उर्स का आगाज

कपासन । प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. के 84वें तीन रोजा उर्स का हज़रत ख्वाज़ा गरीब नवाज़ र.अ. की छठी शरीफ की महफिल से हुआ आगाज़। हजारो लोगो ने की जुम्आ की नमाज़ अदा।

दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद अब्बास अशरफी के अनुसार बाबा हुजूर का 84वां तीन दिवसीय उर्स का आगाज 01 अगस्त, शुक्रवार प्रातः 09 बजे शाही महफिल खाने मे हज़रत ख्वाजा गरीब नवाज र.अ. की छठी शरीफ की महफिल से हुवा। औलिया मस्जिद के पेश ईमाम मौलाना अंसारूल हक के तिलावते कलाम के बाद हाजी मोहम्मद सईद अंसारी की दीवाना मीलाद पार्टी ने महफिले मीलाद स.अ. व. पढी, सलातो सलाम व हाफिजो, कारी शाकीर अशरफी ने फातिहा पढी। इसके बाद राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश के 35 कव्वाल पार्टीयो ने बारी-बारी से सुफियाना कलाम पेश किए, प्रातः राज बैण्ड उदयपुर ने अपने अंदाज मे सलामी दी। शादियाने बजाये गये। भीलवाडा, गगरार, जावद व स्थानीय हुसैनी बैण्ड ने सलामी पेश की। उर्स शुरू होने के साथ ही जायरीन के दर्शन करने और चादर पेश करने का सिलसिला शुरू हो गया। उर्स के दौरान दरगाह परिसर मे अस्थाई पुलिस चोकी, स्वास्थ्य विभाग की ओर से डिस्पेंसरी भी लगाई गई है। पलिस प्रशासन की ओर से तीन थानो के थानाधिकारी सहित पुलिस लाइन से भी जाप्ता तैनात किया गया है। फायर बिठोड की गाडी 24 घंण्टे तैनात रहेगी। मेला ठाउण्ड मे 700 से उपर दुकाने, डोलर, झूला, चकरी आदि लग चूके है दरगाह वक्फ कमेटी की जानिब से 100 सिक्यूरिटी गार्ड, 150 स्वंय सेवक ने आस्ताना ए आलिया के अन्दर व बाहर अपनी सेवाऐ शुरू कर दी। लंगरखाना मे दोनो वक्त लंगर तकसीम होना शुरू हो गया है। पूरे दरगाह परिसर मे टेन्ट, लाईट, सजावट हो चूंकी है। जायरीने दीवाना के लिये छाया-पानी व अन्य सुविधाओं की माकूल व्यवस्था कर दी गई है।

दरगाह वक्फ कमेटी के सदर अनवर अहमद छीपा के अनुसार शनिवार बाद नमाज़े ईशा के महफिले मीलाद के बाद कव्वाल हज़रात अपने-अपने कलाम पेश करेगे। रविवार प्रातः देग का खाना तकसीम होगा। 8 बजे कुल की महफिल शुरू होगी। जोहर की अजान से पहले कुल की फातिहा व छींटे के साथ ही उर्स सम्पन्न होगा। सोमवार को मुख्य मज़ार के पट आम जायरीन के दीदार हेतु खोले जायेगें।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांक F.7/12 /PLAN/LANDUSE/2024-25/1190 **आम सूचना** दिनांक : 31/7/2025

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा गुलाब कोठारी बनाम राजस्थान सरकार एवं अन्य सिविल रिट संख्या 1554/2004 में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर के द्वारा पारित निर्णय के क्रम में सरकार के विभागीय आदेश दिनांक 20-07-2017 के अनुसार एवं राज्य सरकार के द्वारा समय-समय पर वृहद/व्यापक जनहित के दृष्टिगत मास्टर प्लान में भू-उपयोग परिवर्तन अनुज्ञये किये जाने के संबंध मे प्रदत्त आदेशों/परिपत्रों की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है:-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम/योजना	खसरा संख्या/ब्लॉक संख्या	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	भूखण्ड/भूमि की स्थिति	भू-उपयोग परिवर्तन
1	श्री मुकेश जैन पिता श्री निहालचन्द जैन एवं श्रीमती भगवती पत्नी श्री मुकेश जैन	सविना खेड़ा	306 से 316, 360 पार्ट, 616, 617, 620 से 630, 645, 649 से 669, 2016/654, 2002/674	संयुक्ति कृत भूखण्ड 10+11+12 (ब्लॉक-यू)	3150.00 वर्गफीट	सविना से खेडा सर्कल जाने वाली 100 फीट सड़क पर राजावत मार्केट के सामने स्थित है।	आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

कम्पनी रजिस्ट्रेशन नम्बर: U01409RJ2022PTC081590 M.:8079066385

मगवास महिला किसान प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

पता:के/ऑ. गायत्री मगवास, तहसील -झाड़ोल , उदयपुर (राजस्थान) -313702

E.: magwas.mahila.kisan.producer@gmail.com

क्रमांक : FPO/मगवास/2025/16 दिनांक:- 02.08.2025

विज्ञप्ति

मगवास महिला किसान प्रोड्यूसर लि.कम्पनी मगवास ब्लॉक झाडोल, जिला उदयपुर जिले के निम्नलिखित ब्लॉक में पंजीकृत किसान प्रोड्यूसर क